# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 10.11.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा व सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में शहर क्षेत्र में यातायात जागरुकता माह के क्रम में वाहनों की चेकिंग कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को दी गई सख्त चेतावनी।**

**विवरण-** आज दिनांक 10.11.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात जागरुकता माह अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री मेविस टॉक के नेतृत्व में शहर के विभिन्न चौराहों एवं प्रमुख मार्गों पर दोपहिया व चारपहिया वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन चेकिंग की गई तथा लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन न करने वालों को सख्त चेतावनी भी दी गई। चेकिंग के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चालकों सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, गति सीमा के अन्दर वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। आमजन से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। बता दें कि यातायात जागरुकता माह के अन्तर्गत जनपद में लगातार यातायात जागरूकता कार्यक्रम, रैली एवं वाहन चेकिंग अभियान संचालित किए जा रहे हैं ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।